# कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास शाखा) महासमुन्द (छ.ग.)

Email Id :-actd.mahasamund@nic.in, tribalmahasamund@gmail.com

## –:: रिक्त पद पर भर्ती हेतु (संशोधित)विज्ञापन ::–

क्रमांक / 716 / आदि.वि. / स्था –1 / 2023–24 महासमुन्द, दिनांक 02 / 06 / 2023

––00––

छ0ग0 शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय रायपुर का पत्र कमांक एफ 9–1 / 2008 / 1–3 दिनांक 28 नवंबर 2011, पत्र कमांक एफ 9–1 / 2008 / 1–3 दिनांक 01 फरवरी 2013, पत्र कमांक एफ 9–1 / 2008 / एक–3 दिनांक 03.02.2022 एवं आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास इन्द्रावती भवन नवा रायपुर के पत्र कमांक / सा.स्था.3 / भर्ती–24 / 2023 / 1096 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 08.05.2023 तथा माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली द्वारा राज्य को नियुक्तियॉ एवं चयन प्रकिया पूर्व निर्धारित व्यवस्था अनुसार किये जाने की अंतरिम अनुमति प्रदान किये जाने के फलस्वरूप आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास जिला महासमुन्द के **कार्यालयीन आदेश कमांक / 591 / आदि.वि. / स्था–1 / 2023–24 महासमुन्द दिनांक 19.05.2023 को जारी डाटा एन्ट्री आपरेटर(कम्प्यूटर) के आरक्षित पद को संशोधित करते हुए** छत्तीसगढ़ के स्थानीय / मूल निवासी अभ्यर्थियों से सीधी भर्ती हेतु आवेदन **अंतिम तिथि 13.06.2023** तक रजिस्टर्ड / स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित किये जाते हैं। विज्ञापन की विस्तृत विज्ञापन जिले के वेबसाइट www.mahasamund.gov.in में अपलोड है। कार्यालय समय पर कार्यालय के सूचना पटल पर देखा जा सकता है। पदों का विवरण नीचे तालिका में दर्शित है :–

| क्र0 | पद का नाम | कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या | | | | कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या में से केवल छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी महिलाओं के लिए आरक्षित पद | | | | भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित पद | | | | कुल रिक्तियों में से निःशक्तजनों के लिए आरक्षित पद | योग | वेतन–मान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अ ना. | अ. जा. | अ. ज. जा. | अ. पि. व. | अ ना. | अ. जा. | अ.ज. जा. | अ. पि. व. | अ ना. | अ. जा. | अ. ज. जा. | अ. पि. व. | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| **संशोधित विज्ञापन :–** | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 2 | डाटा एण्ट्री आपरेटर (कम्प्यूटर | 01 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 01 | लेवल–6 25300 / – |

**निर्देश :–**

1. यह विज्ञापन विभागीय भर्ती नियम के अध्याधीन होगी।
2. उपरोक्त विज्ञापित पदों के लिये किये जाने वाले चयन माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली में दायर एस.एल.पी.(सी.) कमांक 19668 / 2022 में पारित होने वाले अंतरिम आदेश / निर्णय दिनांक 01.05.2023 के अध्याधीन होगी।
3. आरक्षित वर्ग के सभी अभ्यर्थी छत्तीसगढ़ के स्थानीय / मूल निवासी होना अनिवार्य है।
4. राज्य शासन द्वारा समय–समय पर प्रसारित आदेशों के अनुसार महंगाई भत्ता एवं अन्य भत्ते देय होंगे।



Scanned with OKEN Scanner

**डाटा एन्ट्री आपरेटर(कम्प्यूटर) पद हेतु योग्यता :-**

1. कक्षा 12वीं (10+2) बोर्ड द्वारा उत्तीर्ण,

अथवा

कक्षा 10वीं बोर्ड द्वारा उत्तीर्ण एवं किसी भी विषय में त्रिवर्षीय डिप्लोमा उत्तीर्ण

2. डाटा एन्ट्री आपरेटर(कम्प्यूटर) में किसी मान्यता प्राप्त संस्था से एक वर्षीय डिप्लोमा कम्प्यूटर में हिन्दी एवं अंग्रेजी में 8000 की (key) डिप्रेशन प्रतिघंटा की गति।

**परिवीक्षा अवधि :- चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति 03 वर्ष की परिवीक्षा पर की जाएगी।**

**प्रथम वर्ष** – उस पद के वेतनमान के न्यूनतम का 70 प्रतिशत।
**द्वितीय वर्ष** – उस पद के वेतनमान के न्यूनतम का 80 प्रतिशत।
**तृतीय वर्ष** – उस पद के वेतनमान के न्यूनतम का 90 प्रतिशत।

**(क)** परन्तु परिवीक्षा अवधि में स्टायपेण्ड के साथ अन्य भत्ते कार्यरत अन्य कर्मियों की तरह प्राप्त होंगे।

**(ख)** परिवीक्षा अवधि की समाप्ति पर शासकीय सेवक का वेतन, उस सेवा या पद को लागू समयमान का न्यूनतम नियत किया जायेगा।

**महत्वपूर्ण निर्देश :-**

1. अभ्यर्थी के पास उपरोक्त आवश्यक शैक्षणिक अर्हताओं एवं अन्य अर्हता आवेदन करने हेतु निर्धारित अंतिम तिथि तक पारित करना आवश्यक है।
2. रोजगार कार्यालय में आवेदक का जीवित पंजीयन हो। (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें)
3. अभ्यर्थी के पास छत्तीसगढ़ जिलें का सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थानीय/मूल निवासी प्रमाण पत्र हों।
4. निर्धारित आयु सीमा (18 से 35 वर्ष) 01.01.2023 की स्थिति में न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष होगी। अभ्यर्थियों को शासन द्वारा समय-समय प्रसारित नियमों/निर्देशों के तहत निर्धारित आयु सीमा नियमानुसार छूट दी जावेगी। (आयु सत्यापन हेतु 5वीं की अंकसूची/जन्म प्रमाण पत्र जो कि निर्धारित अर्हकारी परीक्षा के प्रमाण पत्र से मिलान करती हो संलग्न करें।)
5. भर्ती प्रक्रिया के दौरान किसी भी विवाद की स्थित में पात्रता/अपात्रता के संबंध में अंतिम निर्णय लेने का अधिकार चयन समिति को होगा।

**<u>आवेदन पत्र हेतु आवश्यक निर्देश :-</u>**

1. आवेदन पत्र प्रारूप के अनुसार ए-4 साईज आकार के कागज पर आवेदन करें, आवेदन पत्र पूर्ण रूप से साफ-साफ अक्षरों में भरा जाना चाहियें। आवेदन पत्र के साथ पूर्ण पता लिखकर "4X8" दो लिफाफा में 5.00 रू. डाक टिकट चस्पा सहित संलग्न करना अनिवार्य है शैक्षणिक योग्यता/मूल निवासी प्रमाण पत्र/जाति प्रमाण-पत्र/विकलांगता प्रमाण-पत्र स्वयं का नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो एवं संबंधित अन्य प्रमाण पत्रों की स्व-अभिप्रमाणित प्रतियॉ भेजना आवश्यक है। अपूर्ण रूप से भरे गये या बिना सहपत्रों के आवेदन पत्र स्वमेय निरस्त होंगे।
2. लिफाफे के ऊपर पद का नाम एवं भेजने वाले का नाम/पता स्पष्ट रूप से अंकित किया जाना आवश्यक है।
3. आवेदन पत्र में असत्य जानकारी देने पर आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जावेगा, साथ ही नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।
4. शासकीय सेवा में सेवारत कर्मचारी उचित माध्यम से आवेदन प्रस्तुत करें एवं आवेदन के साथ कार्यालय प्रमुख से अनापत्ति प्रमाण-पत्र संलग्न करें।



Scanned with OKEN Scanner

5. समस्त दस्तावेजों/प्रमाण पत्रों/अंकसूची/जाति प्रमाण पत्र/विकलांगता प्रमाण पत्र की स्व–प्रमाणित प्रतिलिपि संलग्न करना अनिवार्य होगा।
6. आवेदन रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट के माध्यम से स्वीकार किये जायेंगे एवं आवेदन करने की अंतिम तिथि 13.06.2023 है। अन्य माध्यमों एवं निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनों को अमान्य कर दिया जावेगा।

**चयन प्रकिया :–**

1. विज्ञापित पद पर चयन के लिए निर्धारित आवश्यक शैक्षणिक योग्यताएं न्यूनतम है और इन योग्यताओं के होने से ही उम्मीदवार परीक्षा/लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा हेतु बुलाये जाने के हकदार नहीं हो जाते है। चयन समिति/लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा/अर्हकारी परीक्षा के मेरिट के माध्यम से किया जाएगा।
2. समान अंक प्राप्त होने की स्थिति में अभ्यर्थियों की जन्मतिथि को आधार मानकर वरीयता निर्धारित की जावेगी। जिस अभ्यर्थी की उम्र अधिक होगी उसका वरीयता प्रदान की जावेगी।
3. चयन प्रकिया के किसी भी चरण में अभ्यर्थी द्वारा चयन समिति के सदस्यों को किसी भी प्रकार के अनुचित माध्यमों से प्रभावित करने की कोशिश करने या अनावश्यक दबाव डालने पर उनकी उम्मीदवारी निरस्त की जा सकेगी।
4. अर्हकारी परीक्षा में पूर्णाक/प्राप्तांक के जगह ग्रेड पद्धति से अगर मूल्यांकन किया गया है तब जिस संस्था/स्कूल से परीक्षा उत्तीर्ण की गयी है उनके प्रमुख के उक्त ग्रेड को पूर्णाक, प्राप्तांक एवं प्रतिशत में परिवर्तित कर प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रतिलिपि प्रस्तुत करेंगे जिस पर चयन समिति, द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम होगा।
5. चयन के पूर्व समस्त प्रमाण पत्रों/दस्तावेजों के सत्यापन हेतु मूल दस्तावेज/प्रमाण पत्रों के साथ अभ्यर्थी को बुलाया जा सकेगा जिस पर चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा।

**टीपः–** विज्ञापन में तथ्यात्मक/लिपिकीय/रिक्तियों आदि संबंधी त्रुटियॉं सुधारी जा सकती है। जिसकी सूचना विधिवत समाचार पत्र में प्रकाशित होगी। पदों की संख्या घटाई–बढ़ाई जा सकती है।

**सहायक आयुक्त**
**आदिवासी विकास महासमुन्द**



Scanned with OKEN Scanner

## –:: डाटा एन्ट्री आपरेटर(कम्प्यूटर) ::–

## आवेदन पत्र का प्रारूप

प्रति,

कलेक्टर(आदिवासी विकास)
जिला–महासमुन्द (छ0ग0)

अभ्यर्थी स्व सत्यापित फोटो चस्पा करें।

1. आवेदित पद का नाम :– ....................................
2. आवेदक का पूरा नाम (हिन्दी में) :– ....................................
3. आवेदक का पूरा नाम (अंग्रेजी के केपीटल लेटर में) :– ....................................
4. पिता/पति का पूरा नाम :– ....................................
5. माता का नाम :– ....................................
6. जन्मतिथि :– ....................................
7. 01.01.2023 को आयु(5 वीं/10वीं का मार्कशीट संलग्न करें):– वर्ष..................माह......................दिन..................
8. लिंग (महिला/पुरूष/तृतीय लिंग) :– ....................................
9. आवेदक की जाति (कृपया जाति अंकित करें) :– ....................................
   जाति प्रवर्ग अना./अ.ज.जा./अ.जा./अपिव :– ....................................
   (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें)
10. आयु सीमा में छुट चाहते है हॉ/नहीं :– ....................................
11. यदि छूट चाहते है तो छूट का आधार :– ....................................
   (प्रमाण पत्र संलग्न करें)
12. छत्तीसगढ़ का मूल निवासी है हॉ/नहीं :– ....................................
   (सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें)
13. क्या आप दिव्यांग श्रेणी के है (हॉ/नहीं) :– ....................................
14. आवेदक किस प्रकार की निःशक्तता से बाधित है :– ....................................
   (श्रवण/दृष्टि/अस्थि/अन्य)
   (सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें)
15. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन कमांक :– ..............................दिनांक ......................
16. स्थायी निवास का पता :– ....................................
   ....................................
   पिन कोड..........................मो0नं0........................
17. वर्तमान पत्र व्यवहार का पता :– ....................................
   ....................................
   पिन कोड..........................मो0नं0........................
18. शैक्षणिक योग्यता (स्व सत्यापित प्रति संलग्न करें)

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | बोर्ड/मण्डल का नाम | स्कूल का नाम व पता | परीक्षा उत्तीर्ण वर्ष | पूर्णाक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | |
| 4 | | | | | | | |
| 5 | | | | | | | |



Scanned with OKEN Scanner

19. अर्हकारी परीक्षा में पूर्णाक/प्राप्तांक के जगह ग्रेड पद्धति से अगर मूल्यांकन किया गया है जिस संस्था/स्कूल से परीक्षा उत्तीर्ण की गयी है उनके प्रमुख से उक्त ग्रेड को पूर्णाक, प्राप्तांक, एवं प्रतिशत में परिवर्तित कर प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रतिलिपि प्रस्तुत करेंगे जिस पर चयन समिति द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम होगा।
20. चयन के पूर्व समस्त प्रमाण पत्रों/दस्तावेजों के सत्यापन हेतु मूल दस्तावेज/प्रमाण पत्रों के साथ अभ्यर्थी को बुलवाया जा सकेगा जिस पर चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा।
21. क्या आप शासकीय/अर्धशासकीय संस्था में वर्तमान में सेवारत है (हॉ/नहीं) :- ..........................................
    वर्तमान अथवा पूर्व सेवाओं का विवरण :-

**अ**– धारित पद का नाम :-

**ब**–कार्य की अवधि :- दिनांक.............................. से ..........................तक कुल अवधि........................वर्ष .................

**स**–नियोक्ता/कार्यालय का नाम पता :- ..........................................................................................

..........................................................................................

22. क्या आप भूतपूर्व सैनिक है? यदि हॉ तो विवरण देवें :- ..........................................................................
23. क्या आप विवाहित है हॉ/नहीं :- ..........................................................................
    यदि हॉ तो विवाह की तिथि अंकित करें :- ..........................................................................
24. जीवित संतानों की कुल संख्या :- ..........................................................................
25. आवेदित पत्र के साथ संलग्न किये जा रहे सत्यापित दस्तावेजों का विवरण :-
    1. .............................................................. 2. ..............................................................
    3. .............................................................. 4. ..............................................................
    5. .............................................................. 6. ..............................................................

**आवेदक का हस्ताक्षर**

## घोषणा पत्र

मैं ..............................................................आत्मज/आत्मजा/पति श्री .......................................... द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्त आवेदन पत्र में दी गई जानकारी मेरे सर्वोत्तम विश्वास और ज्ञान के अनुसार सत्य एवं पूर्ण है। मेरे द्वारा आवेदन पत्र में दी गई जानकारी, चयन के पूर्व या उसके बाद गलत अथवा असत्य पाये जाने पर मेरी उम्मीदवारी निरस्त हो जायेगी। यह भी घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा तथ्य छुपाये जाने अथवा गलत तथ्य प्रस्तुत करने की स्थिति में या नियुक्ति हेतु किसी प्रकार की अपात्रता का प्रमाण मिलने पर मेरा चयन/नियुक्ति निरस्त की जा सकेगी तथा नियुक्ति संबंधी मेरे सभी दावे समाप्त हो जायेंगे।

**आवेदक का हस्ताक्षर**

दिनांक :- .........................

स्थान :-.........................

नाम :- ..........................................

मोबाईल नं0 :- ..................................



Scanned with OKEN Scanner